मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 339, मुंबई, मंगलवार, 25 मार्च, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## 'भाभी जी घर पर हैं' के राइटर मनोज संतोषी का निधन



### काफी समय से थे बीमार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भाभी जी घर पर हैं टीवी का पॉपुलर शो है। लेकिन इसी बीच इस शो से एक दुखद खबर सामने आई है। दरअसल, टीवी की दुनिया में एक से बढ़कर एक शो लिखने वाले राइटर मनोज संतोषी का निधन हो गया है। लेखक काफी समय लिवर संबंधी बीमारी का सामना कर रहे थे। छोटे पर्दे के सितारों और दर्शकों को उनके निधन से बड़ा झटका लगा है। हालांकि, मनोज संतोषी का निधन अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ है। दिग्गज राइटर लंबे समय से लिवर संबंधी स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रहे थे। इलाज के दौरान वह जिंदगी की जंग हार गए और उनकी मौत हो गई। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। टीवी की दुनिया से जुड़े सेलेब्स भी उनके निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र पर नहीं थम रहा बवाल




### छत्रपति संभाजीनगर में 8 अप्रैल तक निषेधाज्ञा लागू

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र के खिलाफ प्रदर्शनों और आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में दहां निषेधाज्ञा लागू की गई है। वहीं मामले पर पुलिस आयुक्त प्रवीण पवार ने निषेधाज्ञा लागू की है, जो आज 25 मार्च से 8 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी। जानकारी दें कि, कई दक्षिणपंथी संगठन छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्दाबाद में स्थित मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस आदेश के अनुसार छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि (29 मार्च), गुड़ी पड़वा त्योहार (30 मार्च), ईद, झूलेलाल जयंती (31 मार्च) और राम नवमी (6 अप्रैल) जैसे आगामी कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुश्किल में कुणाल कामरा!



### एकनाथ शिंदे पर किया था जोक, मुंबई पुलिस ने भेजा पेश होने का समन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने पर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें अब बढ़ती ही जा रही हैं। मिली खबर के अनुसार खार पुलिस ने कुणाल कामरा के घर समन भेज कर उन्हें आज सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा है। कहा जा रहा है कि, कुणाल अभी मुंबई में नहीं हैं। एमआईडीसी पुलिस ने स्टैंड-अप कॉमेडी शो के दौरान कुणाल कामरा के जोक को लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसे आगे की जांच के लिए खार पुलिस को सौंप दिया गया है। पता हो कि, शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी, वहीं पश्चिमी मुंबई में खार पुलिस ने यूनिकॉन्टिनेंटल द हैबिटेट में तोड़फोड़ करने के आरोप में शिवसेना के राहुल कनाल और विभाग प्रमुख श्रीकांत सरमालकर को अन्य लोगों के साथ हिरासत में लिया गया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## 'उन' 2 आरोपियों के घरों को ढहाने पर रोक

### कोर्ट ने उठाया प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने हिंसा मामले में फहीम खान समेत दो आरोपियों के घरों को ढहाने पर सोमवार को रोक लगा दी और प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए। फहीम खान के दो मंजिला घर को अदालत के आदेश से पहले ही ढहा दिया गया था, जबकि यूसुफ शेख के घर के अवैध हिस्सों को ढहाने की कार्रवाई अदालत के आदेश के बाद रोक दी गई। दोनों आरोपियों ने अदालत में याचिका दायर कर जल्द सुनवाई की मांग की थी। न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति वृषाली जोशी की खंडपीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की। (शेष पृष्ठ 3 पर)




### नुकसान की भरपाई करनी होगी

खान की ओर से पेश हुए वकील अश्विन इंगोले ने कहा कि अदालत ने सरकार और नगर निगम अधिकारियों से जवाब मांगा है तथा मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को तय की है। इंगोले ने दावा किया कि पीठ ने कहा है कि यदि यह निष्कर्ष निकलता है कि तोड़फोड़ अवैध रूप से किया गया था, तो प्राधिकारियों को इस नुकसान की भरपाई करनी होगी। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच नगर निगम के अधिकारियों ने सोमवार सुबह खान के घर को अनधिकृत निर्माण के कारण ढहा दिया था।

## हमारी बात

### कठघरे में है साख



**न्यायपालिका में कथित रिश्वतखोरी का संदेह और गहरा हुआ, तो उसका कितना हानिकारक असर इस संस्था की विश्वसनीयता पर पड़ेगा, इसकी चिंता तमाम लोगों को करनी चाहिए। सच से भी ज्यादा अक्सर संदेह का साया साख के लिए हानिकारक साबित होता है।**

यह काबिल–ए–तारीफ है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में कथित मतभेद के बावजूद प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास का वीडियो सार्वजनिक कर दिया, जिसमें वहां मिली नकदी लोगों को नजर आई। इस कदम से सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी और दिल्ली फायर विभाग के स्पष्टीकरण से फैली व्यग्रता पर कुछ विराम लगा है। इन टिप्पणियों को मामले पर परदा डालने की कोशिश के रूप में देखा गया था। यह भी अच्छी बात है कि इस मामले की जांच के लिए तीन हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों की समिति बिना देर किए बनाई गई है। इसके बाद अब इस अंदेशे को दूर करने की जरूरत है कि समिति की जांच में प्रक्रियागत उलझनों के कारण देर हो सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि सर्वोच्च न्यायालय जांच की एक समयसीमा तय करे और उस पर सख्ती से अमल सुनिश्चित कराए। बेशक जस्टिस वर्मा को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए और सभी संबंधित व्यक्तियों से पूरी पूछताछ कर साक्ष्य जुटाया जाना चाहिए। मगर इसे अनावश्यक देर का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। इसका अहसास तो माननीय न्यायाधीशों को भी होगा कि इस घटना से न्यायपालिका में लोगों के भरोसे पर नए सिरे से प्रहार हुआ है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, ऐसी सोच रखने वाले लोगों की संख्या पहले ही काफी हो चुकी है। उसके अलावा वर्तमान सत्ताधारी पार्टी के हितों से जुड़े मसलों पर न्यायपालिका के रुख ने भी समाज के एक बड़े हिस्से में उद्विग्नता पैदा कर रखी है। रिटायरमेंट के तुरंत बाद जजों के लाभ का पद स्वीकार करने की बढ़ी प्रवृत्ति से पद पर रहते हुए उनके दिए न्यायिक फैसलों के पीछे के प्रेरक कारणों पर अटकलों का बाजार गर्म कर रखा है। इस पृष्ठभूमि में न्यायपालिका में कथित रिश्वतखोरी का संदेह अगर और गहरा हुआ, तो उसका कितना हानिकारक असर इस संस्था की विश्वसनीयता पर पड़ेगा, इसकी चिंता तमाम लोगों को करनी चाहिए। इस सिलसिले में यह दोहराने की जरूरत है कि अक्सर सच से भी ज्यादा संदेह का साया साख के लिए हानिकारक होता है।

# मधुबनी विधानसभा मुस्लिम यूथ के बैनर तले दावत ए इफ़्तार का आयोजन किया गया : अब्दुल हामिद अंसारी पूर्व चैयरमैन बुनकर युनियन मधुबनी बिहार

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मधुबनी विधानसभा के मदरसा माहेदुलमुसलेमात राघोनगर वार्ड नं ३३ मौलाना अबुल कलाम आजाद नगर भौआड़ा में (मुस्लिम यूथ मधुबनी विधानसभा) के बैनर तले एक दावत-ए-इफ़्तार का आयोजन किया गया जिसमें मधुबनी विधानसभा के राजद पूर्व प्रत्यासी असलम अंसारी, मधुबनी नगर के डिप्टी मेयर अमानुल्ला खान, मधुबनी नगर के पूर्व मेयर प्रत्याशी शाहजहां अंसारी, जन सुराज नेता कबीरउद्दीन (आरजू) आरजेडी के मधुबनी जिला प्रवक्ता महताब सिद्दीकी, मधुबनी नगर के पूर्व डिप्टी मेयर प्रत्याशी फहीम बकर, मजलिसे इत्तिहादुल मुस्लेमीन रहिका प्रखंड के युवा अध्यक्ष हसनैन अशरफ, वार्ड नं ३३ पार्षद रहमती पत्नी साबिर अली (लाला) मौलाना समीउल्लाह नदवी, मुराद



खान, बुनकरों के वरिष्ठ नेता और समाज सेवी अब्दुल हामिद अंसारी, पुर्व चैयरमैन बुनकर युनियन जन सुराज नेता डॉ. सरफराज आलम चर्चित समाजसेवी ई. सैफुल्लाह (मुन्ना, खर्रा), चर्चित गणित शिक्षक मास्टर असलम (डायरेक्टर शाहीन एकेडमी, मधुबनी), मोहम्मद आरिफ अलाउद्दीन मोहम्मद दानिश लाल बाबू मोहम्मद ओजैर मुसा मोहम्मद सद्दाम हुसैन सलाउद्दीन मोहम्मद अखतर अबुल कलाम अंसारी समाज सेवी समेत मधुबनी विधानसभा के कई कद्दावर लीडर ओर समाजसेवी शामिल हुए इस मौका से मधुबनी विधानसभा के सैकड़ो गार्जियन समेत नौजवानों के अंदर जबरदस्त उत्साह देखा गया नौजवानों भौआड़ा ने अपने आने वाले मेहमानों का स्वागत किया और उनकी मेहमान नवाजी की सभी दावते इफ़्तार करने के बाद मगरिब की नमाज अदा किया उसके बाद चाय का दौर चला साथ ही चाय पर समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई फिर सभी मेहमानों को नौजवानों भौआडा ने रुखसत किया।

# समीर कुमार महासेठ विधायक सह पूर्व मंत्री मधुबनी बिहार ने गिलेशन बाजार मकान स्थित पवित्र रमजान के अवसर पर रोजेदारों के सम्मान में दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** इस अवसर पर श्री समीर कुमार महासेठ विधायक सह पुर्व मंत्री मधुबनी बिहार ने राष्ट्रीय जनता दल के लिडर कार्यकर्ता और जनता सहित तमाम मेहमानों एवं रोजेदारों का स्वागत किया। इसके पश्चात श्री समीर कुमार महासेठ जी ने सामूहिक दुआ में शामिल होकर राज्य की तरक्की प्रगति आपसी भाईचारे एवं मोहब्बत के लिए दुआएं कीं श्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि सब्र लग्न और नज्म और जब्त के साथ ज्यादा से ज्यादा रोजा दारों और गंगा जमनी सकाफत के पसंद करने



वाले लोगों का खैर मोकद्दम है और इन की दरख्वास्त को कबुल करते हुएं इस दावते इफ्तार पार्टी में काफी लोगों ने शिरकत कि श्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि कुछ नफरत पसंद लोग जो अमन और हम आहंगी और खैर सगाली को पसंद नहीं करते शायद्र यह नहीं जानते के दावते इफ्तार पार्टी नहीं बल्कि इबादत और दोआ का एक ऐसा मोबारक मोका है जिसमें मोसब्बत जज्बे के साथ तमाम लोग मुल्क और रियासत कि खुशहाली और तरक्की के लिए दोआ करते हैं और तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया इस अवसर पर मास्टर मुजाहिद आलम मास्टर आफाक साहब मास्टर वसीम अहमद साहब वार्ड पार्षद अनिसुर रहमान अंसारी अकिल अंजुम प्रोफेसर इस्तियाक अहमद टुनाई कारक राज कुमार नेता किशोर कुमार शमशुल हक वारिस अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल परिषद एवं बिहार प्रकोष्ठ, द्वारा आयोजित बिहार स्थापना दिवस एवं सहस्त्र चंद्र दर्शन समारोह

**मुंबई।** पूर्वांचल परिषद एवं बिहार प्रकोष्ठ, द्वारा आयोजित बिहार स्थापना दिवस एवं सहस्त्र चंद्र दर्शन समारोह, विले पारले मुंबई दिनांक 23 मार्च 2025 को शाम ६ बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक पराग अलवणी ने किया। सूत्र संचालन उभामो मुंबई के महामंत्री रमाकांत गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की प्रास्तावना भाजपा नेता आर यू सिंह ने किया। कार्यक्रम मनमोहक भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ कर्मठ नेताओं का सत्कार शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ गुढ़ी भेंट देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा मजदूर नेता हरिनाथ तिवारी का सत्कार करते हुए भाजपा मुंबई के महामंत्री एवं कर्मठ विद्यायक संजय उपाध्याय सत्कार मूर्ति में दयानंद बालक विद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष वरिष्ठ मिठाई लाल सिंह, शारदा प्रसाद सिंह विहार के पूर्व विधायक शचीन्द्र सिंह शिक्षण क्षेत्र से जुड़े यज्ञनारायण दुबे, उत्तर भारतीय संघ के संतोष सिंह, चक्रधर झा, मोहन मिश्रा, विधायक श्रीमती विद्या ठाकुर, श्रीमती स्नेहा दुबे शामिल थी। अन्य उपस्थित गणमान्य नेताओं में कृपाशंकर सिंह, सिद्धी विनायक के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, उभामो मुंबई अध्यक्ष आर डी यादव एवम् भाजपा तमाम कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

# जबरन कब्जों में जुटे वकीलों के खिलाफ लिखा सुप्रीम कोर्ट और सरकार को पत्र

**कानपुर।** हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री, राकेशमणि पाण्डेय ने अधिवक्ता होने की आढ़ में जमीनों मकानों पर कब्जे समेत अपराध कार्यों में लिप्त रहने वाले लोगों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार को पत्र लिखकर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उन्होंने अक्सर होने वाले पुलिस और वकीलों के बीच संघर्ष को कानून, शांति व्यवस्था और समाज के लिए खतरा भी बताया है। उन्होंने इस पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि न्यायालय की कार्यवाहियों के मामले में इसका खामियाजा वादकारियों को भुगतना पड़ता है।

छोटे-छोटे विवादों को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा घेराव, मारपीट और आन्दोलन करके न्याय व्यवस्था को ध्वस्त करने के प्रयासों को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए चर्चित वरिष्ठ श्रमिक नेता और समाजसेवी राकेश मणि पाण्डेय ने कहा कि जनहित के स्थान पर अपना हित पहले देखने वाले अधिकांश अधिवक्तागण न्यायालय के माध्यम से न्याय दिलाने बजाय स्वयं ही एक जुट होकर न्याय को अपने हाथ में लेने का प्रयास करते हैं। यही नहीं जब न्याय पक्ष में नहीं होता तो जज के विरूद्ध टिप्पणियां और कार्य बहिष्कार किये जाते हैं। अधिवक्ता होने आढ़ में अधिकांश लोगों द्वारा अपने निहित स्वार्थ की पूर्ति के लिए जमीनों मकानों और दुकानों आदि पर जबरन कब्जा समेत हर तरह के अपराधों को भी अंजाम देने की लगातार बढ़ रही खतरनाक प्रवृत्ति को देश समाज और कानून व्यवस्था के लिए घातक बताते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री, राकेशमणि पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में हजारों अधिवक्ताओं जिनके पास कार्य नहीं है। वह ऐसे अवांछनीय कार्यों में लगे रहते हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# होपमिरर फाउंडेशन ने अपने संस्थापक रमझान शेख के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया एक यादगार इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोग एक साथ आए, जो एकता और सद्भाव की एक सुंदर भावना का प्रतीक है। संजोग वाघेरे पाटिल (शिवसेना उबाठा), बालाराम पाटिल (शेकाप ), बबन पाटिल (शिवसेना उबाठा), सतीश पाटिल (एनसीपी एसपी), सुदाम पाटिल (कांग्रेस) और भावना घानेकर (एनसीपी एसपी) जैसी प्रमुख हस्तियों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उनकी उपस्थिति ने फाउंडेशन की पहलों के प्रति उनके समर्थन और एकजुटता को बढ़ावा देने के उनके साझा दृष्टिकोण को उजागर किया। इस समारोह में मुस्लिम और हिंदू समुदायों के अलावा अन्य लोगों ने भी सक्रिय भागीदारी की, जिसने अंतरधार्मिक सद्भाव और



आपसी सम्मान को प्रदर्शित किया। यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के लिए एक साथ आने, बातचीत साझा करने और बंधनों को मजबूत करने का एक मंच बन गया। रमझान शेख ने एक प्रेरक संदेश दिया, जिसमें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सामंजस्यपूर्ण जीवन के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में उपस्थित लोगों और होपमीरर फाउंडेशन टीम के प्रयासों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# सामूहिक खेती पर नई नीति लाकर वित्तीय सहायता बढ़ाएंगे : देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई/पुणे।** महाराष्ट्र सरकार 2016 से कम से कम 20 किसान और 100 एकड़ भूमि होने पर सामूहिक खेती के लिए 1 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान कर रही है। अब, राज्य सरकार सामूहिक खेती पर एक नई नीति लेकर आएगी और वित्तीय सहायता बढ़ाएगी। इसके द्वारा हम सामूहिक खेती को एक आंदोलन बनाएंगे, यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को की। बालेवाड़ी स्थित शिव छत्रपति शिवाजी क्रीडा संकुल में पानी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'सत्यमेव जयते फार्मर कप 2024' के भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। आमिर खान और किरण राव द्वारा स्थापित यह संगठन 2016 से सूखा मुक्त और समृद्ध महाराष्ट्र बनाने के लिए काम कर रहा है। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, सह्याद्री फार्म्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विलास शिंदे, इंडियन जैन एसोसिएशन के संस्थापक शांतिलाल मुथा और पद्मश्री पोपटराव पवार, आमिर खान, किरण राव और अन्य गणमान्य अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे। मनोरंजन और सामाजिक क्षेत्रों की कई हस्तियों ने कार्यक्रम में आकर्षण बढ़ाया। गणमान्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागी किसान समूहों की सराहना की। उन्होंने उनकी एकता की भी सराहना की और कृषि में उत्पन्न अनिश्चितताओं और चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक कृषि कितनी महत्वपूर्ण है इस बात पर जोर दिया। इस वर्ष महाराष्ट्र की 46 तहसीलों के 4,300 से अधिक किसान समूहों (लगभग 2000 महिला समूहों) ने किसान कप में भाग लिया। सांगली जिले के तुरची (तहसील तासगांव) गांव के भाग्योदय शेतकरी समूह ने राज्य स्तर पर पहला पुरस्कार जीता और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रतिष्ठित किसान कप ट्रॉफी जीती। सातारा जिले के भोसरे (तहसील खटाव) से सरसेनापति प्रतापराव गुजर महिला शेतकरी समूह और छत्रपति संभाजीनगर जिले के सोबलगांव (तहसील खुलदाबाद) ने संयुक्त रूप से राज्य स्तर पर 15 लाख रुपये का दूसरा




पुरस्कार प्राप्त किया। हिंगोली जिले के कावड़ा (कलमनूरी) से जय बिरसा मुंडा शेतकरी समूह और वाशिम जिले के नागी (तालुका मंगरूल पीर) से माऊली शेतकारी समूह ने संयुक्त रूप से 10 लाख रुपये का तीसरा पुरस्कार जीता। मुख्यमंत्री फडणवीस ने पानी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और आधिकारिक तौर पर ऑल महाराष्ट्र टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने सभी किसानों को स्थायी जल और कृषि प्रणालियों में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने खेती में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए फाउंडेशन के साथ सकारात्मक सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं आमिर खान से पहले ही कह रहा था कि पूरे महाराष्ट्र में प्रतियोगिता लेने की आपकी क्षमता है। आज मेरी इच्छा पूरी करने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। पानी फाउंडेशन के जल संरक्षण के विचार को हर जगह तेजी से फैलाना चाहिए। जब तक किसान और लोग पानी का विज्ञान नहीं सीखेंगे और जल संरक्षण में सार्वजनिक भागीदारी नहीं बढ़ाएंगे, महाराष्ट्र सूखाग्रस्त रहेगा। राज्य सरकार कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग करने का प्रयास कर रही है। भगवान के बाद, अगर किसी में वास्तविक रचनात्मकता है, तो वह मां है जो बच्चे को जन्म देती है और किसानों में है जो फसल को जन्म देते हैं। हमारे पास कृषि और जल संरक्षण में काम करने वाले एक लाख लोग हैं। हम उन्हें पानी फाउंडेशन के साथ खड़े करेंगे। इस अवसर पर पानी फाउंडेशन के संस्थापक आमिर खान ने घोषणा की कि 2026 से पानी फाउंडेशन पूरे महाराष्ट्र में काम करेगा। यह महाराष्ट्र के प्रत्येक किसान को फार्मर कप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इससे उन्हें प्रशिक्षण मिलेगा और प्रति एकड़ लागत कम करने और उत्पादकता और प्रति एकड़ आय में सुधार करने के लिए ज्ञान प्रदान करेगा। श्री. आमिर खान और किरण राव ने भी अपने भाषणों में किसानों को बधाई दी। श्री. खान ने पानी फाउंडेशन के व्यापक दृष्टिकोण के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन आर्थिक और पर्यावरण की दृष्टि से सुदृढ़ महाराष्ट्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने सभी तालुका स्तर के पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने पानी फाउंडेशन के काम में सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। पानी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री. सत्यजित भटकल ने संगठन के काम के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2024 में किसान कप में भाग लेने वाले किसानों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त लाभ कमाया है। संगठन के मुख्य सलाहकार डॉ. अविनाश पोल ने बताया कि कैसे किसान समूह प्रतिस्पर्धा के ढांचे से बाहर लघु उद्योगों और आर्थिक उद्यमों को स्थापित करने के लिए असाधारण काम कर रहे हैं। लोकप्रिय मराठी धारावाहिक 'चला हवा येऊ द्या' की टीम द्वारा प्रस्तुत प्रहसन के साथ-साथ पानी फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत मल्टीमीडिया प्रदर्शन भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ पालघर जिला द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभा संपन्न



**डहाणु।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, पालघर जिला द्वारा वाणगांव स्थित ज्येष्ठ नागरिक सभागृह में एक भव्य सार्वजनिक सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अमृत संस्था के तहत आवश्यक दस्तावेज पूरे करने वाले सभी लाभार्थियों को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुंबई प्रदेश अध्यक्ष बाबा जोशी के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अमृत परियोजना निदेशक भूषण धर्माधिकारी, पालघर जिला अध्यक्ष व्यक्ष दिनेश पाठक, विलास शहापुर, अमृता देशपांडे, अजित राणे, निवृत्ती जोशी, कौशिक बर्वे और प्रवीण पाठक भी मंच पर उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में। वे लोग भी शामिल हुए, जो अमृत योजना के माध्यम से लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। इस मौके पर भूषण धर्माधिकारी ने बोलते हुए कहा कि अमृत संस्था उन वर्गों की सहायता करती है, जिन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। संस्था विभिन्न 14 योजनाओं के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक सहायता प्रदान करती है। कार्यक्रम का सूत्र संचालन संघटक बच्चन शुक्ल और मनोज मिश्रा ने किया, जबकि कौशिक बर्वे ने सभा के समापन की घोषणा करते हुए सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों व लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र पर नहीं थम रहा बवाल

इस जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि दक्षिणपंथी संगठन औरंगजेब की मजार के खिलाफ आंदोलन कर सकते हैं इसलिए, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम-1951 की धारा 37 (1) (3) के तहत छत्रपति संभाजीनगर शहर में निषेधाज्ञा लागू की गई है। आदेश के तहत पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने और बिना अनुमति के आंदोलन करने या मार्च निकालने पर रोक लगाई गई है। इस आदेश में कहा गया है कि 25 मार्च से 8 अप्रैल तक लोगों को किसी भी तरह का हथियार ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, इस अवधि में नारेबाजी और तेज आवाज वाले स्पीकर बजाने की भी अनुमति नहीं होगी। जानकारी दें कि, हाल के दिनों में छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को गिराने की दक्षिणपंथी संगठनों की मांग को लेकर नंदुरबार, पुणे (ग्रामीण), रत्नागिरी, सांगली, बीड और सतारा जिलों के अलावा अन्य क्षेत्रों में सांप्रदायिक अशांति देखी गई।

### 'भाभी जी घर पर हैं' के राइटर मनोज संतोषी का उम्र में निधन

भाभी जी घर पर हैं सीरियल में अंगूरी भाभी का रोल निभा चुकी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में राइटर मनोज संतोषी के निधन की पुष्टि की है। शिल्पा बिग बॉस की विनर भी रह चुकी हैं। उन्होंने संतोषी के निधन पर शोक जताया है। मनोष संतोषी लिवर कैंसर से पीड़ित थे। 23 मार्च को सिकंदराबाद के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि उनका लिवर ट्रांसप्लांट होना था, लेकिन जटिलताओं के कारण उनकी मौत हो गई। इंडिया टूडे से बातचीत में शिल्पा शिंदे ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप भी लगाया है। शिल्पा का कहना है कि इस मामले की पूरी डिटेल्स वह सही समय आने पर शेयर करेंगी। बता दें कि मनोज संतोषी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। एक्ट्रेस कविता कौशिक ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी।

### मुश्किल में कुणाल कामरा!

जानकारी दें कि, कुणाल कामरा के यूट्यूब और इंस्टाग्राम हैंडल पर अपलोड किए गए स्टैंड-अप शो ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थकों को नाराज कर दिया जिसके चलते उन्होंने बीते रविवार को मुंबई में उस जगह पर तोड़फोड़ की, जहां इस शो को शूट गया था और साथ ही उन्हें स्वतंत्र रूप से घूमने की धमकी भी दी। शिंदे गुट के शिवसैनिकों ने तब यहां जमकर तांडव मचाया था।

### 'उन' 2 आरोपियों के घरों को ढहाने पर रोक

पीठ ने सवाल किया कि कथित अवैध हिस्सों को ढहाने से पहले मकान मालिकों की बात क्यों नहीं सुनी गई। पीठ ने कहा कि यह कार्रवाई संपत्ति के मालिकों की बात सुने बिना ही दमनात्मक तरीके से की गई। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि किसी व्यक्ति की संपत्ति को सिर्फ इसलिए ध्वस्त करना असंवैधानिक है क्योंकि उस पर कोई अपराध का आरोप है। अदालत ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में ऐसी गतिविधियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर विस्तृत सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया था।

## एडीए के अधिकारी का बड़ा दावा

# भारत में बन रहे एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, अमेरिका व चीन की छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को 'मात' देने में हैं सक्षम

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के अधिकारी का दावा है कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को लेकर इतना ज्यादा प्रचार हो रहा है, जिसने भारत के 5.5 पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को ओवरशैडो कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन अपने छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों का जितना प्रचार कर रहे हैं।

असलियत उससे काफी अलग है। जो खूबियां छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को एडवांस बनाते हैं, वो एएमसीए में भी होने वाले हैं। एएमसीए भारत का 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जो साल 2028 तक अपनी पहली उड़ान भरेगा। अधिकारी ने कहा कि एएमसीए में भी वो खूबियां होंगी, जो छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में बतलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान में चुनिंदा खूबियां होंगी। दूसरे देशों के फाइटर जेट एएमसीए जितने सक्षम और एडवांस नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि एएमसीए भारत की महत्वकांक्षाओं की भावी योजना को दिखाता है, जबकि अमेरिका, चीन और यूरोपीय देश अपने छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को लेकर जो बातें कर रहे हैं, वो जमीनी स्तर पर नजर नहीं आती हैं, इससे पता चलता है कि उनकी महत्वकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच कितना फर्क है।

छठी पीढ़ी के विमान बेंचमार्क पर लड़खड़ाते दिख रहे

भारत का एएमसीए 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम

एएमसीएम में डेटा फ्यूजन और एआई जैसी क्षमताएं



### फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन भी नहीं बना पाए

*अधिकारी ने कहा कि छठी पीढ़ी हथियार विकसित करने के लिए अमेरिका और चीन की चर्चा सबसे ज्यादा है, जो लंबी दूरी की क्षमताओं का वादा करते हैं, लेकिन वे उस बेंचमार्क पर लड़खड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। वह अभी तक फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन (वीसीई) का प्रदर्शन नहीं बना सके हैं, जो छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। वीसीई को छठी पीढ़ी प्रोपल्शन का अहम हिस्सा माना जाता है, जो हमला करने के लिए हवा के प्रवाह को गतिशीलता के साथ समायोजित करता है। इससे उसकी अटैक रेंज 30 पर्सेंट तक बढ़ जाती और सुपीरियर थर्मल मैनेजेंट भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन में से कोई भी एक फंक्शनल वीसीई का प्रदर्शन नहीं कर सका है।*

**बड़े देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे**

उन्होंने कहा कि अमेरिका अब तक एक्सए 100 की टेस्टिंग कर रहा है, जबकि चीन तो अपने पांचवी पीढ़ी के जे-20 के डब्ल्यूएस-15 इंजन में ही उलझा हुआ है तो छठीं पीढ़ी के विमानों की बात ही छोड़िए। उन्होंने कहा कि ये देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे हैं। भारत का 5.5 पीढ़ी वाला एएमसीए 2028 तक अपनी पहली फ्लाइट भर लेगा। अमेरिका ने साल 2020 में नेक्स्ट जेनरेशन एयर डोमिनेंस (एनजीएडी) प्रोग्राम के तहत एक प्रोटोटाइप की उड़ान भरी थी, जिसे नेक्स्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट का बताया गया था। हालांकि, उसके इंजन की डिटेल्स अभी तक सामने नहीं आई हैं।

### विकसित देशों की बातें हवा-हवाई

उधर, चीन के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की चर्चा पिछले साल तब शुरू हुई थीं, जब उसने एक उड़ान भरते हुए लड़ाकू विमान का वीडियो जारी किया था, जिसमें टेल नहीं थी। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि वह नेकेस्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट तैयार कर रहा है। यूरोपीये देशों में भी छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की होड़ लगी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन मिलकर इस काम में जुटे हुए हैं। ब्रिटेन के ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम (जीसीएपी) और फ्रैंको-जर्मन-स्पेनिश फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (एफसीएएस) छठी पीढ़ी के वीसीई को मिलकर विकसित कर रहे हैं। अधिकारी का कहना है कि छठी पीढ़ी के विमानों के निर्माण को लेकर विकसित देशों की बातें हवा-हवाई प्रतीत होती हैं। इन देशों के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट एएमसीए जितने क्षमतावान और समर्थ नहीं होंगे। ये न तो 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम होंगे और न ये डेटा फ्यूजन और आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी क्षमताओं से सुसज्जित होंगे, जो पहले से ही हमारे रोडमैप का हिस्सा हैं।

## खबर संक्षेप

### बाल मंत्री थोर्सडॉटिर का इस्तीफा मंजूर



**लंदन।** आइसलैंड के राष्ट्रपति ने उत्तरी अटलांटिक द्वीप राष्ट्र की शिक्षा एवं बाल मामलों की मंत्री एस्थिल्डुर लोआ थोर्सडॉटिर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। 58 वर्षीय थोर्सडॉटिर ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह 23 वर्ष की थीं, तब उन्होंने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ संबंध बनाए थे, जिससे एक संतान भी हुई। उस दौरान बच्चे का पिता 16 वर्ष का था। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी इसका खुलासा किया।

### पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज



**सियोल।** राजनैतिक गतिरोध का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया में पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज कर दिया गया है। साथ ही उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। बता दें, राष्ट्रपति यून सुक येओल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने के उनके फैसले के कारण नेशनल असेंबली द्वारा महाभियोग लगाया था। विपक्षी सांसदों ने उन पर भी महाभियोग लगाया था।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसदीय सलाहकार समिति के समक्ष दी जानकारी

# पीएम मोदी से मिलना चाहते हैं यूनुस, बिम्सटेक सम्मेलन में द्विपक्षीय वार्ता का किया है अनुरोध

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत सरकार अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में द्विपक्षीय बैठक के लिए बांग्लादेश की अपील पर विचार कर रही है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक संसदीय समिति की बैठक में सभी सदस्यों को दी है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की शनिवार को इस वर्ष की पहली बैठक में कई सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर चिंता जताई और पूछा कि भारत इस संबंध में क्या कदम उठा रहा है। तब जयशंकर ने सदस्यों को बताया कि ढाका की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंदुओं पर हमले 'राजनीति से प्रेरित' थे और 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर' नहीं किए गए थे। जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या बिम्सटेक बैठक में पीएम मोदी की यूनुस से द्विपक्षीय बातचीत होने के आसार हैं? इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि युनूस का अनुरोध विचाराधीन है। बैठक में इससे पूर्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भारत के बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव और श्रीलंका से संबंधों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं पीएम मोदी

*भारत बिम्सटेक को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है*

### भारत सरकार अंतरिम सरकार के समक्ष मुद्दे उठा रही



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, मुकुल वासनिक और शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई दलों के सांसदों ने बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और उसे रोकने के संबंध में उठाए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न स्तरों पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन से संपर्क जारी है और इन मुद्दों को उठाया गया है। सरकार आगे भी ऐसा करना जारी रखेगी। इस बैठक में कमोबेश सभी सांसदों ने बांग्लादेश के मुद्दे को भी चर्चा का मुख्य बिंदु बनाए रखा।



### सार्क से ज्यादा प्रभावी होगा बिम्सटेक

भारत बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक मजबूत आर्थिक और रणनीतिक गठजोड़ के रूप में विकसित कर रहा है। यह सार्क की तुलना में अधिक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। अंतरिम सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहती है। बता दें कि भारत बांग्लादेश में स्थिरता और लोकतंत्र को मजबूत करने के पक्ष में है,लेकिन, भारत यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें हावी न हों।

**पाकिस्तान की वजह से सार्क निष्क्रिय**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के रवैये के कारण सार्क/दक्षेस (दक्षिण एशिया सहयोग संगठन) निष्क्रिय है और इसलिए भारत बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि पीएम मोदी दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में उन्होंने अपनी यात्रा की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि वह बाद में पाकिस्तान और चीन के बारे में अलग से बात

### पीएम मोदी श्रीलंका दौरे पर जाएंगे

*पीएम मोदी ने सांसदों को बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ संबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा पर भी जा रहे हैं। कुछ सांसदों ने पाकिस्तान व म्यांमार में नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी पर भी सवाल किए। बता दें, बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को तत्कालीन पीएम शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है और तब से लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं का संहार बांग्लादेश में जारी है और पाकिस्तान की शह पर वहां भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में सैंकड़ों हिंदुओं की हत्या की गई है।*

## कठुआ मुठभेड़ पर बोले सीएम अब्दुल्ला

# लोगों के सहयोग बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने आतंकवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सहयोग दे रही है। विधानसभा में दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएम ने संवाददाताओं से कहा कि हालांकि यह (सुरक्षा) सीधे तौर पर हमारी जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मैं बार-बार कह रहा हूं कि लोगों के सहयोग के बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारी सरकार स्थिति को नियंत्रण में रखने और शांति बनाए रखने के लिए उपराज्यपाल का भी सहयोग कर रही है।

### सीमावर्ती गांवों में अभियान जारी

सीएम ने कहा कि अभियान सीमावर्ती गांव में चल रहा है और संभव है कि वे सीमा पार से आए हों। उन्होंने कहा कि इस पर अभी कोई बयान देना जल्दबाजी होगी। आतंकवादियों द्वारा कठुआ और बिलावर को बार-बार निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि जम्मू क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी गतिविधियां देखी गई हैं, जैसा कि हमने राजौरी, पुंछ और कई अन्य इलाकों में देखा है। बता दें, जम्मू के कठुआ जिले में रविवार देर शाम आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। जिले में घने जंगलों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रही सर्च ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त कमांडो, ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से ऑपरेशन को और तेज किया है।

### मौके पर पहुंचे एनएसजी कमांडो

जंगल की आड़ में छिपे आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए एनएसजी कमांडो को लाया गया है। हीरानगर के सन्याल में पांच आतंकियों को देखे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दो समूहों में पांच से छह आतंकवादी शनिवार को घुसपैठ कर सकते हैं। गांव की महिलाएं लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान आतंकवादियों को देख चुकी हैं। कठुआ जिला पिछले एक साल से पाकिस्तान आधारित आतंकवादियों के लिए एक प्रमुख घुसपैठ मार्ग बन गया है। इस क्षेत्र में हाल के महीनों में कई आतंकवादी हमले हुए हैं।

# एक्ट्रेस रिद्धिमा पाई के जबर्दस्त डेब्यू म्युजिक वीडियो 'मुझपे तेरा फितूर' को रिलीज होते ही मिल रहा लाखों लोगों का प्यार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** जिस एक्ट्रेस का पहला म्युजिक वीडियो बॉलीवुड की मशहूर गायिका मधुश्री की आवाज में हो, और जिसके वीडियो का प्रोडक्शन, निर्देशन और कोरियोग्राफी फिल्म जगत की फेमस डांस डायरेक्टर शबीना खान ने की हो, उसके लिए इससे बेहतर शुरूआत नहीं हो सकती। हम बात कर रहे हैं अभिनेत्री रिद्धिमा पाई की, जिनका पहला गाना 'मुझपे तेरा फितूर' म्युजिक लेबल आरडीसी मेलोडिज चैनल से रिलीज हो गया है। प्रोड्यूसर प्रिया तलवार के इस लव सॉन्ग को काफी सराहा जा रहा है। इस भव्य वीडियो के बेहतरीन रेस्पॉन्स से रिद्धिमा पाई बेहद खुश और एक्साइटेड हैं। राइजर्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत इस सॉन्ग की गीतकार और संगीतकार प्रीनी सिद्धांत माधव हैं। मुंबई में इस सॉन्ग लांच के अवसर पर रिद्धिमा पाई, मधुश्री, प्रोड्यूसर प्रिया तलवार, सिद्धांत माधव, आरडीसी मेलोडिज चैनल से दुर्गाराम, गाने के हिंदी व तमिल वर्जन में मेल वॉइस देने वाले मंदार सबनीस, रौबी बादल और मानसी दोवहल सहित कई गेस्ट्स भी उपस्थित रहे। रिद्धिमा पाई ने शानदार केक काटकर इस सॉन्ग लॉन्च को सेलिब्रेट किया। निर्मात्री प्रिया तलवार ने कहा कि हम सब पर गुरुजी गुल साहब का आशीर्वाद है जो



इतना अच्छा गाना बन गया है। इसमें 90 के दशक का फ्लेवर भी है। इसका फिल्मांकन कमाल का है और हिंदी के अलावा इसका तमिल वर्जन भी जल्द आउट किया जाएगा।

इस रोमांटिक सॉन्ग की लीड हीरोइन रिद्धिमा पाई फिल्मी फैमिली से बिलॉन्ग करती हैं। प्रोड्यूसर्स और ऐक्टर्स के परिवार में पली बढ़ी रिद्धिमा ने इस कला को बहुत करीब से देखा है। इसलिए बचपन से ही अभिनय उनका जुनून रहा है। मिस इंडिया की फाइनलिस्ट रह चुकी रिद्धिमा पाई कई कमर्शियल विज्ञापनों में काम कर चुकी हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित शॉर्ट फिल्म सिंड्रेला में भी उनके अभिनय की प्रशंसा की गई थी। अपनी अदाकारी को निखारने के लिए उन्होंने गुरु सौरभ सचदेवा के अभिनय स्कूल में ट्रेनिंग हासिल की और शकूर सर से डांस की कला को सीखा। रिद्धिमा पाई अपने डेब्यू अल्बम मुझपे तेरा फितूर को लेकर बेहद उत्साहित स्वर में कहती हैं 'यह बहुत ही मोरक्कन और अरबी फील वाला वीडियो है और इस को ऐतिहासिक प्रेम कहानी और रोमांटिक गीत के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मधुश्री जी ने यह गीत गाया है। हमने इसकी शूटिंग खूब एन्जॉय की। कई कॉस्ट्यूम्स बदल कर, तरह तरह की ज्वेलरी के साथ शानदार लोकेशन पे डांस - यह सब जादुई प्रतीत होता है। कभी नीम नीम गाने वाली मधुश्री ने कहा कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री की कई स्टार एक्ट्रेस के गीत गाए हैं मगर ब्यूटीफुल रिद्धिमा के लिए यह गीत रिकॉर्ड करने का मेरा यादगार अनुभव रहा। प्रोड्यूसर प्रिया तलवार ने मुझसे हाई पिच पर गाना गवाया जो अच्छा लग रहा है। जब मैंने इसका वीडियो देखा तो दंग रह गई। रिद्धिमा वीडियो में काफी खूबसूरत दिख रही हैं, उनका लुक, डांस और लोकेशन ने इस गाने को बहुत ग्रैंड बना दिया है। बॉलीवुड के ढेरों सुपरहिट गीत गाने वाली मधुश्री की सुरीली और शहद सी मीठी आवाज पाकर रिद्धिमा पाई सातवें आसमान पर हैं। वह कहती हैं बेहद शानदार गायिका मधुश्री ने इंडस्ट्री के कई दिग्गजों के साथ काम किया है और बॉलीवुड को कई हिट गाने दिए हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। सलमान खान के कई गीतों को कोरियोग्राफ कर चुकी शबीना खान ने रिद्धिमा के इस अद्भुत सॉन्ग का निर्देशन, कोरियोग्राफी और प्रोडक्शन किया है। बॉलीवुड गानों की बेहतरीन कोरियोग्राफर की यह निर्देशन में शुरूआत है और रिद्धिमा का मानना है कि उन्होंने शानदार काम किया है। रिद्धिमा पाई का यह गाना किसी फिल्म सॉन्ग की तरह भव्यता रखता है। इस गाने को बीकानेर के खूबसूरत रेत के टीलों और बृज गज केसरी जैसे महल में फिल्माया गया है। इसकी अद्भुत लोकेशन गाने का एक और आकर्षण है। वीडियो में रिद्धिमा का लुक भी बहुत अलग और आकर्षक लग रहा है। रिलीज होते ही इस गाने का फितूर सबके सिर चढ़कर बोल रहा है और इसे लाखों में व्यूज मिल रहे हैं।

# स्मिति सोशलवर्क फाउंडेशन द्वारा चलाया गया सफाई अभियान






**मुंबई।** आज 250 प्रतिभागियों ने अक्सा बीच को एक नए रूप में बदल दिया, जो कि Whizdm Innovations (Moneyview) के नेतृत्व में और स्मिति सोशलवर्क फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक सीएसआर पहल का हिस्सा था। स्मिति की संस्थापक, रश्मि पी. महाजन ने पहले और बाद की तस्वीरों के माध्यम से इस कार्यक्रम के प्रभाव को दिखाया, जिससे दिन में हुए सकारात्मक बदलाव को उजागर किया गया। स्मिति के स्वयंसेवकों ने इस पहल का नेतृत्व किया और मास्क, दस्ताने, टोपी, सैनिटाइजर, कचरा संग्रह बैग वितरित किए और प्रतिभागियों को जलपान भी परोसा। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता की शक्ति को रेखांकित किया। सफाई अभियान की सफलता के बाद, Whizdm Innovations (Moneyview) ने अक्सा पुलिस चौकी और लाइफगार्ड पोस्ट को जल वितरण मशीनें दान कीं, जिससे समुद्र तट की सुरक्षा सुनिश्चित करने वालों को आवश्यक सहयोग मिला। इस पहल ने अक्सा बीच को पहले से काफी साफ बना दिया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति समुदाय की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आखिर मुसलमानों की नाकामी का सबब क्या है कुरआन और हदीस से दूरी रमजान का पैगाम

**रमजान** का मुबारक महीना हर साल आता है। एक के बाद दूसरा रमजान आता है और सदियों से आ रहा है। एक के बाद दूसरा कुरआन खत्म होता है और अनगिनत तादाद में होता है। हर रमजान में कुरआन की तिलावत (पाठ) होती है रोजे रखे जाते हैं। नमाजे पढ़ी जाती हैं जिक्र और दुआ में रातें गुजरती है लेकिन हम वही के वहीं रहते हैं।जहां रमजान शुरू होने से पहले थे। तकवा (आत्म संयम) से उतने ही महरूम रहते हैं जितने हम रमजान के बगैर थे ना हमारे व्यक्तिगत हालत में बदलाव आता है ना हमारे व्यक्तिगत अखलाक (आचरण) में सुधार होता है ना हमारी कौमी व मिल्ली हालत में बदलाव घटित होता है। ना हमारे ऊपर से जिल्लत व मस्कनत और पस्ती के बदल छटते हैं ऐसा क्यों है?

पहले तो इसलिए सोच समझ कर एहतिमाम और कोशिश के बगैर हम रमजान से वह चीज ज्यादा हासिल नहीं कर सकते जिसके खजाने लुटाते हुए वह हर साल हमारे ऊपर हिफाजत और मदद करने, रहमत अता करने को आता है। इस शऊरी(चेतना) कोशिश और एहतिमाम से हम महरूम है या उसकी तरफ से लापरवाह है इससे ज्यादा यह कि हमारी हालत उस हालात से ज्यादा करीब है जिसके बारे में पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इस तरह से सावधान किया था कि जो झूठ बोलना उस पर अमल करना ना छोड़े तो अल्लाह तआला को इस बात की कोई जरूरत नहीं कोई अपना खाना पानी छोड़ दे (हदीस) अल्लाह को अपना पालनहार कहना हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहो अलैह वसल्लम को उसका रसूल (संदेशवाहक) मानना कुरआन को अल्लाह की किताब कबूल करना फिर यह न जानने की कोशिश करना कि यह सब हमसे क्या कहते हैं क्या चाहते है ना इस पर अमल करना आखिर यह सब झूठ और झूठ नहीं तो और क्या है जैसे कि कुरआन को अनुवाद और व्याख्या के साथ न पढ़ना। और मुनाफिक (कपटाचारी) अल्लाह के रसूल के पास आते और कहते कि आप अल्लाह के रसूल है। पर अल्लाह तआला ने फरमाया यह बात तो सच्ची कहते हैं लेकिन है झूठे यानी जवान से सच्ची बात कहने की बावजूद भी इंसान झूठा हो सकता है अगर वह इस सच्ची बात के तकाजे को ना माने और उसके मुताबिक अमल न करें दूसरे इसलिए कि हमारी इबादत का हमारी नमाजों का हमारे रोजो का हमारे अमाल (कर्मों) का हमारे सरगर्मियों का रिश्ता इस मकसद से कट चुका है जो कुरआन लेकर आया था तथा जिसके लिए रमजान के रोजे अनिवार्य फर्ज किए गए थे। यह सब कुछ इसलिए था कि हम कुरआन को खुदा के बंदे तक पहुंचाएं उसके सांचे में अपने आप को भी और अपने समाज को भी ढालें और कुरआन को कायम करें और इस माह में सब्र व इस्तिकामत से कोशिश व प्रयास करें और कुर्बानियां दे। रमजान मुबारक



का महीना हर बार फिर यह पुकारते हुए आता है कि आओ और जानो की अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद में तुमसे क्या कहा है आओ और हर उस चीज को तर्क कर दो चाहे वह तुम्हें कितनी पसंदीदा व महबूब हो जिससे अल्लाह तआला ने तुम्हें रोका है और जो उसके रसूल पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहो अलैह वसल्लम की सुन्नत (आचरण) के खिलाफ है। वरना हो सकता है और इससे बड़ी बदकिस्मती तुम्हारी और क्या हो सकती है कि रमजान तुम्हारे पास आए तुम रोजे भी रखो व भूख प्यास भी बर्दाश्त करो और रातों की नींद कुर्बान करके तराबीह भी पढ़ो और उसके बाद भी सिवाय भूख प्यास और रतजगे के और कुछ तुम्हारे हाथ ना आए बल्कि कहीं ऐसा ना हो कि तुम्हारे ऊपर या मिसाल सही हो जाए जो अल्लाह तआला ने तौरात के धारकों के बारे में बयान फरमाई है

जिन लोगों पर तौरात की अमानत का बोझ डाला गया फिर उन्होंने इस अमानत को निभाने का हक अदा न किया तो उनकी मिसाल उन गधों की सी है जो अपनी पीठ पर किताबों का बोझ उठाए हुए फिरता हो(कुरआन 62:5)।

या कहीं पैगंबरे इस्लाम अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रमजान और कुरआन के हवाले से अल्लाह तआला की अदालत में हमारे खिलाफ दावा लेकर खड़े न हो जाए जैसा कि कुरआन में है और रसूल कहेगा ऐ मेरे रब मेरी कौम ने इस कुरआन को छोड़ रखा था (कुरआन 25:30)।

अल्लाह तआला हम सबको रमजान के मुबारक महीने का वह तकवा हासिल करने की तौफीक अता करें जिससे हम कुरआन मजीद की हिदायत के हकदार हो हम कुरआन का इल्म हासिल करें उस पर अमल करें और अल्लाह तआला हमें कुरआन का पैगाम लेकर खड़ा होने और उसको कायम करने के लिए कोशिश करने की हिम्मत हौसला अज्म (पक्का इरादा) और शौक व लगन प्रदान करें। सभी भाइयों बहनों से मेरी दिली गुजारिश है की रमजान उल मुबारक के मौके पर आप सब अल्लाह से दुआ करें कि मुझे दीन ईमान इस्लाम की तालीम से रोशन कराने वाली मेरी अम्मीजान हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और मेरे अब्बू जनाब बाबू खान कादरी रहमतुल्लाह अलैह की अल्लाह बख्शीश और मगफिरत फरमाए और अपने रहमतों से और अपने हबीब हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के वासिले से उनकी कबरों को नूर की अंजुमन बनाकर जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और उनकी कब्ररो की जानिब जन्नत की खिड़की खोल दे और जन्नत की जानिब उनकी कब्र की खिड़की खोल दे और उन्हें आलमे बरजख में इल्लीन में आला मुकाम अता फरमाकर अपनी रहमत और अपना नूर अता फरमाए और इन्हें कब्र के अजाब से और जहन्नम की आग से पुलसिरात और मैदाने महशर की तकलीफो से उनकी हिफाजत फरमाकर अपना नूर और अपनी रहमत अता फरमाए और बदले के दिन इन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और हम सभी भाइयों बहनों पर अपना करम फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन आप सब भाइयों की दुआओं का तलबगार आपका भाई साजिद खान।

**साजिद खान संपादन प्रभाग हज्जन जुबेदा बी मीडिया ग्रुप धनपुरी**

# भाजपा अंबेडकर जयंती तक प्रदेश सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव मनाएगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर भाजपा 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक सरकार की उपलब्धियों का उत्सव अभियान चलाएगी। इस अभियान में अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


सोमवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला कार्यशाला में प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर होने वाले आगामी कार्यक्रमो पर चर्चा हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धिययों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी दो चरणों में घर-घर संपर्क अभियान चलाएगी। संपर्क के दौरान पार्टी कार्यकर्ता योगी सरकार की उपलब्धियों वाला पत्रक, हैंड बिल, बुकलेट और स्टीकर लेकर लोगों को भाजपा सरकार द्वारा 8 वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी देंगे। पहले चरण का संपर्क अभियान 28 से 30 मार्च और दूसरा चरण 6 से 9 अप्रैल तक चलेगा। 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी पार्टी कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे।पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एक-एक शक्ति केंद्र की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा स्तर पर एक विकास गोष्ठी का आयोजन किया



जाएगा जिसमें पार्टी सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों के के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख आदि को आमंत्रित किया जाएगा। प्रबुद्ध वर्ग तक योगी सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर एक प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महिला मोर्चा कार्यकर्ता घर घर पहुंच कर लाभार्थी महिलाओं से संपर्क करेंगी। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती बूथ स्तर पर मनाई जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता विषयों पर किए गए कार्यों के बारे में बताया जाएगा। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि सरकार के उपलब्धियों के उत्सव अभियान में पार्टी के वर्तमान एवं पूर्व 200 पदाधिकारियों को लगाया गया है। सभी पदाधिकारियों को एक-एक शक्तिकेंद्र की जिम्मेदारी दी गई है।घर-घर संपर्क अभियान में वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारीयो के साथ-साथ बूथ कमेटी के सदस्य अपनी सहभागिता निभाएंगे। 25 मार्च को क्षत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, 26 को चंद्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय और 27 को नवीन सभागार, सरसैया घाट में लाभार्थी पंजीयन कैंप, वन जिला वन प्रोडक्ट स्टॉल, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, लाभार्थी मेला एवं सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनता को दी जाएगी। प्रमुख रूप से राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता, सुनील तिवारी ,जय प्रकाश कुशवाहा, रामबहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया, मनीष त्रिपाठी, प्रकाश वीर आर्य, पप्पू पंडित,राजन चौहान, वंदना गुप्ता, संजय कटियार, अर्चना आर्या, अनुराग शुक्ला, वीरेंद्र दिवाकर, संजीव बेरी,दीपू पासवान, दिव्यांशु बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जय हिंद कॉलेज के रोटारैक्ट क्लब ने 'चीख' कार्यक्रम का किया आयोजन








**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के हिस्से के रूप में, जय हिंद कॉलेज के रोटारैक्ट क्लब ने एक सप्ताह तक चलने वाली पहल 'चीख' का आयोजन किया, जो महिला तस्करी के खिलाफ एक आवाज है। यह कार्यक्रम 'अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह' के दौरान हुआ, जो 1 से 8 मार्च तक चलता है। इसमें चार पहलू शामिल थेः एक खुला मंच, फोटोशूट, फ्लैशमॉब और एक लघु चित्र। खुला मंच, 'वुमेन अनचेन्ड' ने कलाकारों को कविता, गीत और साहित्यिक कला के अन्य रूपों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। अगला पहलू फोटोशूट था। यह महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले संघर्षों और कठोर वास्तविकताओं को दर्शाने के लिए किया गया था। महिला तस्करी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, क्लब के सदस्यों ने 3 दिनों की अवधि में अंधेरी, मुंबई सेंट्रल, सीएसएमटी, चर्चगेट और बांद्रा के रेलवे स्टेशनों पर फ्लैशमोब प्रदर्शन किए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मलाड के इन्फिनिटी मॉल में भी प्रदर्शन किया। 'चीख' का अंतिम पहलू लघु चित्र की स्क्रीनिंग थी। जय हिंद कॉलेज के छात्रों ने एक लघु चित्र लिखी, निर्देशित की, शूट की और उसमें अभिनय किया, जो एक युवा लड़की की कहानी पर आधारित थी, जिसे शादी के लिए मजबूर किया जाता है और महिला तस्करी के धंधे में बेच दिया जाता है। डोरंगोस, बांद्रा में इस लघु चित्र की स्क्रीनिंग आयोजित की गई थी। अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुंचने के लिए, क्लब ने इसे यूट्यूब पर भी अपलोड किया है। चीख की पहल रेस्क्यू फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई थी, जो एक गैर सरकारी संगठन है जो लड़कियों को तस्करी से बचाता है। इस आयोजन से जुटाई गई धनराशि का उपयोग एनजीओ के बचाव प्रयासों का समर्थन करने और महिलाओं को उनके परिवारों से मिलाने में किया गया है। चीख 2025 के छात्र आयोजकों, वंशिका मिश्रा और आरटीआर महक बोकाडिया ने कहा, हमें इस कार्यक्रम का आयोजन करने पर गर्व है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के जीवन में बदलाव लाना है।









दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अथिया शेट्टी ने बेटी को दिया जन्म




**भारतीय** टीम के स्टार बैटर केएल राहुल के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। केएल राहुल पिता बन गए हैं। केएल राहुल ने 24 मार्च को सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि वो एक बेटी के पिता बन गए हैं। अथिया शेट्टी ने एक बच्ची को जन्म दिया है। 32 वर्षीय दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने जनवरी 2023 में बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी के साथ शादी के बंधन में बंध गए। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राहुल सोमवार को विशाखापत्तनम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2025 मैच में नहीं खेल पाए, ताकि अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रह सकें। राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था और सोमवार को उनके पदार्पण की उम्मीद थी, लेकिन मैच शुरू होने से पहले क्रिकबज ने बताया कि राहुल व्यक्तिगत कारणों से टीम के सीजन के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया था कि अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे भारतीय बल्लेबाज को दिल्ली कैपिटल्स मैनेजमेंट से विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच छोड़ने की विशेष अनुमति मिली है। अब दूसरे मैच से पहले वो टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

# आलीशान जिंदगी जीती हैं एमी जैक्सन

**एमी जैक्सन** दोबारा मां बनने की वजह से सुर्खियों में है। वह बॉलीवुड की स्टार हैं और ब्रिटिश एक्ट्रेस हैं। उनकी नेटवर्क करोड़ों में है और वह आलीशान जिंदगी बिताती है। फिलहाल वह लंदन में रहती हैं। साल 2011 से 2015 तक एमी जैक्सन मुंबई में रहा करती थी। इस बीच उन्होंने ढेर सारी बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। वह अक्षय कुमार के साथ सिंह इस ब्लिंग, रजनीकांत के साथ 2.0 और चियान विक्रम के साथ आई नाम की फिल्म में नजर आई थी। एमी जैक्सन का जन्म डगलस, आयल ऑफ मैन, यूनाइटेड किंगडम में हुआ है। आपको जानकर हैरानी होगी कि उनकी शिक्षा बेहद कम हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक वह सिर्फ छठी क्लास तक ही पढ़ी हैं। उनकी कुल नेटवर्क 45 करोड़ के आसपास है। एमी जैक्सन के पास आलीशान घर हैं। जो लंदन के सबसे महंगे इलाकों में स्थित है और उनके पास चेन्नई के बेसेंट नगर में भी एक बंगला है। एमी जैक्सन दूसरी बार मां बनी है और उन्होंने अपने बेटे का नाम ऑस्कर एलेक्जेंडर वेस्टविक रखा है उनके पहले बेटे का नाम एंड्रियास जैक्स पानायोटौ है। एमी जैक्सन के काम की अगर बात करें तो उन्होंने हिंदी और साउथ सिनेमा में जमकर काम किया और अपनी पहचान बनाई उनके फैंस अब भी सिल्वर स्क्रीन पर उनकी वापसी देखना चाहते हैं, लेकिन वह इस समय बच्चों की परवरिश में लगी हुई है। अब देखना यह होगा कि उनके प्रशंसकों की एक्ट्रेस की वापसी की इच्छा पूरी होती है या नहीं।





# अब्राहम की द डिप्लोमैट रचेगी नया इतिहास!

**बॉलीवुड** एक्टर जॉन अब्राहम और सादिया खतीब की फिल्म द डिप्लोमैट हालही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाकेदार कलेक्शन कर रही है। हालांकि, फिल्म ने 10 दिनों तक ऐसी कमाई की कि साल 2025 में जनवरी से लेकर अब तक आई बॉलीवुड फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई वाली चौथी फिल्म बन गई। इसके अलावा फिल्म ने वीकडेज में भी किसी भी दिन 1 करोड़ से नीचे कमाई नहीं की है और आज फिल्म को रिलीज हुए 11वां दिन है । ऐसे में आज की कमाई से जुड़े शुरूआती आंकड़े भी सामने आ चुके हैं तो चलिए जानते हैं कि फिल्म ने अभी तक कितनी कमाई की। दरअसल, फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने ट्वीट कर जॉन की फिल्म का बॉक्स ऑफिस डेटा बताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें फिल्म ने पहले हफ्ते में 19.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया तो वहीं दूसरे वीकेंड फिल्म की कमाई मे उछाल आया और ये 6.53 करोड़ रहा। इस तरह से फिल्म ने 10 दिन में 25.98 करोड़ रुपये कमा लिए।